प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

14.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

एंटी चिट्टा मॉडल

राज्य सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे एंटी चिट्टा अभियान के तहत पुलिस की निगरानी बढ़ाई गई है जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। सरकार का एंटी चिट्टा मॉडल जहां अपराधियों पर नकेल कसने में कामयाब हो रहा है वहीं अन्य राज्यों में भी इस मॉडल की चर्चा होने लगी है। नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय ने इस बारे में हिमाचल प्रदेश से रिपोर्ट मांगी है। राज्य सरकार चिट्टा जैसे नशे से निपटने और चिट्टा तस्करी का समूल नाश करने के लिए जल्द ही एंटी चिट्टा अभियान का दूसरा चरण शुरू करने जा रही है। एंटी चिट्टा मॉडल के तहत प्रदेश में चिट्टे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है वहीं इस समस्या से पीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

....

कांग्रेस प्रचार

प्रदेश के चार नगर निगमों मण्डी, धर्मशाला, पालमपुर व सोलन और स्थानीय शहरी निकायों के लिए 17 मई को मतदान होगा। ऐसे में वोट डालने के लिए अब तीन दिन शेष रह गए हैं और इन चुनावों के लिए प्रचार अभियान भी तेज हो गया है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने आज पालमपुर नगर निगम के विभिन्न वार्डों में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील की। इधर सोलन नगर निगम चुनाव प्रचार के दौरान स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कांग्रेस की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि समृद्ध शहर अभियान के तहत सोलन अव्वल स्थान पर है। शांडिल ने कहा कि सोलन को सीवरेज से जोड़ना उनकी प्राथमिकता है और शहर की पेयजल समस्या सहित अन्य समस्याओं का भी निपटारा किया जाएगा।

....

भाजपा प्रचार

भारतीय जनता पार्टी ने आज नगर निगम मण्डी चुनावों के तहत राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया। प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने आरोप पत्र जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में मण्डी की जनता को केवल उपेक्षा, अव्यवस्था और भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है। राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस ने मण्डी के प्रति हमेशा सौतेला रवैया अपनाया है और 2025 की आपदा के दौरान ये पूरी तरह उजागर हो गया। उन्होंने विश्वास जताया कि मण्डी नगर निगम चुनाव में जनता कांग्रेस सरकार को करारा जवाब देगी और भाजपा को अपना आशीर्वाद देगी। उधर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने आज

धर्मशाला नगर निगम में चुनाव प्रचार किया और लोगों से पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव में जनता के पास कांग्रेस को जवाब देने का मौका है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने सरकार बनने से पहले 10 गारंटियां दी थीं लेकिन एक भी पूरी नहीं हुई और धर्मशाला को स्मार्ट सिटी बनाने के दावे भी अधूरे रह गए।

....

राज्यपाल

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज नई दिल्ली में विश्व हिन्दू पीठ के अध्यक्ष आचार्य मदन द्वारा रचित पुस्तक 'शारदा पीठ–सती देश कश्मीर' का विमोचन किया। राज्यपाल ने इस पुस्तक को जम्मू–कश्मीर की पुरातन आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व शैक्षिक विरासत का महत्त्वपूर्ण दस्तावेज बताया। उन्होंने आचार्य मदन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह शोध आधारित पुस्तक शारदा पीठ के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व और कश्मीर की पहचान से उसके गहरे संबंध को प्रतिबिंबित कर रही है।

आईपीएल

धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आज आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच मैच खेला जाएगा। धर्मशाला में आईपीएल सीज़न का यह दूसरा मुकाबला होगा। यह मैच आज शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कांगड़ा जिला संवाददाता....

....